Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

LEAD TO ILLUMINATE

HINDI

2020-21

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

S. No	Name	Position
1	Ms SHEELA	FACULTY

INDEX (2020 -2021)

S NO	DATE	NAME OF THE EVENT	PARTICIPANTS	VENUE
1	31/07/2020	Celebrations of Premchand Jayanthi	150	online
2	30/08/2020 & 31/08/2020	Hindi Quiz	99	online
3	05/09/2020	One day national webinar (Charitra Nirman Mein Shikshak Ki Bhumika)	36	online
4	04/12/2020	One-day International Webinar on “Dr Ramesh Pokhariyal Nishak Ki Rachana Dharmita: ‘Vatayan’ Antar Rashtriya Shikhar Samman Ka Vishesh Sandharbh”	100	online
5	17/01/2021	Online webinar “Tewari Sangeet Samaroh” on the occasion of 40th Anniversary of “Tewari Kavya Andolan “	91	online
6	27/02/2021	Hindi Students attended “Kavya Lahari” poetry recitation competition organized by DBHPS, Hyderabad	03	DBHPS

7	16/03/2021	Attended a lecture on “Rashtriya Siksha Neeti 2020 ke Alok mein Hindi ki Vikas yatra “jointly organized Central Hindi Directorate and DBHPS at Hyderabad	1	DBHPS
8	07/04/2021	A session on “Good Health Habit & Benefit of Health Insurance” was organized on the occasion of ‘World Health Day’	40	P-01 LFDC Uppal
9	03/05/2021 to 09/05/2021	Lecture Series	53	online

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

प्रेमचंद जयंती पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

Name of the program	:	Premchand jayanthi
Date	:	31/07/2020
Place	:	Online
Number of participated	:	150
Guest	:	Dr Nirmala Maurya, Dr Suresh Bhimrao Garud

दि. 31 जुलाई 2020 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन संपन्न हुआ। वेबिनार में उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, मद्रास की पूर्व कुलसचिव एवं अध्यक्ष डॉ. निर्मला. एस. मौर्य और अंकुशराव टोपे महाविद्यालय, जालना, महाराष्ट्र के हिंदी प्राध्यापक डॉ. सुरेश भीमराव गरुड़ ने क्रमशः प्रेमचंद की दृष्टि में नारी और जीवन का राग तलाशती प्रेमचंद की कहानियाँ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। वेबिनार का संचालन कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने किया।

सभी प्रतिभागियों को फीडबैक भरने पर प्रमाणपत्र दिया गया। यह प्रमाणपत्र ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया गया।

वेबिनार में भाग लेते हुए प्रतिभागीगण	**वेबिनार में भाग लेते हुए प्रतिभागीगण तथा उन्हें संबोधित करते हुए डॉ. सुरेश गरुड**

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

ऑनलाइन प्रश्नमंच प्रतियोगिता

Name of the program	: Online Hindi Quiz
Date	: 30 & 31/08/2020
Place	: online
Number of Participants	: 99

दि 30 - 31/08/2020 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद द्वारा ऑनलाइन प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डिग्री प्रथम व द्वितीय वर्ष के द्वितीय भाषा हिंदी के पाठ्यक्रम से कुल 25 प्रश्न दिए गए।

प्रतियोगिता में नगद्वय के विभिन्न कॉलेजों से छात्र, प्राध्यापक, हिंदी सेवी व हिंदी प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की।


LITTLE FLOWER DEGREE COLLEGE
UPPAL, HYDERABAD-39

हिंदी साहित्यिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता

दि. 30-31 अगस्त 2020

यह प्रमाणित किया जाता है कि लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित हिंदी साहित्यिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता में

श्री/श्रीमती/सुश्री Abhimanyu Namdev Kadam

ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने 60 से अधिक अंक प्राप्त किए। उनकी सहभागिता और विद्वता के लिए यह प्रमाण पत्र दिया जता है।

शीला बालाजी

फ्रादर विन्सेंट रेड्डी

प्रतिभागियों को दिए गए प्रमाणपत्र का नमूना

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

"चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

Name of the program	: Shikshak Diwas
Date	: 05/09/2020
Place	: Online
Number of Participants	: 36
Guest	: Dr Manju sharma

दिनांक 05 सितंबर 2020 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदरबाद द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में "**चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका**" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित चिरेक इंटरनेश्नल स्कूल की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजु शर्मा ने छात्रों के चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका के संबंध में कहा कि "अध्यापक का कार्य केवल पाठ पढ़ाने तक ही सीमित नहीं होता है, बल्कि छात्रों को नैतिक शिक्षा देना भी अध्यापक का कर्तव्य है। शिक्षक और छात्र के बीच विश्वास का संबंध होना चाहिए। छात्रों के स्तर पर उतरकर उनसे मैत्री बनाए। छात्रों में पर्यावरण संरक्षण करने, कर्म के प्रति निष्ठावान बनने, राष्ट्र के प्रति समर्पित होने और संस्कृति के प्रति सचेत होने का विवेक विकसित करने में भाषा शिक्षक की महति भूमिका होती है।" उन्होंने आगे कहा कि "छात्रों में नैतिकता का विकास करने के लिए शिक्षक को भी अपने आचरण पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता है। छात्रों का मन कच्ची मिट्टी की तरह होता है। शिक्षक उन्हें जिस सांचे चाहे उस सांचे में ढाल सकता है।" अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट रेड्डी और उप प्रधानाचार्य जंयती रेड्डी ने उपस्थिति दर्ज की।

वेबिनार में देश के विभिन्न प्रांतों से हिंदी अध्यापक, हिंदी कर्मी और छात्रों ने भाग लिया।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

	
वेबिनार की संचालिका के संग प्रतिभागी	**प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. मंजू शर्मा**

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

"डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की रचनाधर्मिता: 'वातायन' अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान का विशेष संदर्भ" पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

Name of the program	:	International Webinar
Date	:	04/12/2020
Place	:	Online
Number of Participants	:	100
Guest	:	Prof. Yogendranath Sharma 'Arun', Prof. Gopal Sharma, Dr Kavita Vachaknavi, Praveen Pranav, Dr G. Neeraja, Dr Bhagvathul Hemalatha, Dr Lakshmi Priya

4 दिसंबर, 2020 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद ने "डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की रचनाधर्मिता: 'वातायन' अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान" पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार की अध्यक्षता प्रो. योगेंद्रनाथ शर्मा 'अरुण' ने की। उन्होंने साहित्यकारों के शब्दों की महत्ता पर चर्चा की और डॉ. निशंक की रचनाओं की महत्ता पर बात की। वेबिनार में भाग लेने वाले प्रमुख अतिथियों में डॉ. कविता वाचक्नवी और डॉ. गोपाल शर्मा शामिल थे। इसके अलावा, कई अन्य विद्वानों ने भी अपने विचारों को साझा किया। वेबिनार का शुभारंभ गायत्री देवी द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। वेबिनार के दौरान छात्राओं ने डॉ. निशंक की कुछ कविताओं को सस्वर वाचन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य भी मौजूद थे।



प्रस्तुत है कार्यक्रम की झलकियाँ

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

तेवरी संगीत समारोह संपन्न

Name of the program	:	Tewari Sangeet Samaroh
Date	:	17/01/2021
Place	:	Online
Number of Participants	:	91
Guest	:	Dr Gopal Sharma, Dr Anita Shukla, Shubhra Mohonto, Dr Rishabh Deo Sharma

तेवरी काव्यांदोलन की 40वीं वर्षगाँठ पर 'साहित्य मंथन' और 'लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज' के तत्वावधान में **17 जनवरी 2021, को** 'संगीत साधना' द्वारा ऑनलाइन 'तेवरी संगीत समारोह' संपन्न हुआ। अवसर पर अरबा मींच विश्वविद्यालय, इथियोपिया, अफ्रीका के प्रोफेसर डॉ. गोपाल शर्मा ने अपने अध्यक्षीय व्याख्यान में तेवरी काव्यांदोलन के प्रवर्तक कवि देवराज और ऋषभदेव शर्मा की चर्चा करते हुए कहा कि तेवरी जनता की पक्षधर रचना है। यह न तो प्रयोगशील कविता है और न प्रयोगवाद की हिमायती है। यह प्रयोगधर्मी है। जिस कालखंड में प्रतिभावान लोग अपनी रोजी-रोटी की तलाश में लगे हुए थे, उस समय किसानों, मजदूरों और शोषितों की आवाज़ बनकर राह दिखाने के लिए सहचर के रूप में खड़ी रही है तेवरी। तेवरी ने अपने रचना वैविध्य के कारण चालीस वर्षों से हिंदी साहित्य में अपना स्थान बनाए रखा है।

महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, वडोदरा की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिता शुक्ला ने 'तेवरी संगीत समारोह' का उद्घाटन करते हुए तेवरी काव्यांदोलन की जनपक्षधरता को रेखांकित किया और ऋषभदेव शर्मा के तेवरी संकलन 'धूप ने कविता लिखी है' की तेवरियों पर अपने विचार व्यक्त किए। अवसर पर 'संगीत साधना' संगीत विद्यालय की संचालक व शिक्षक शुभ्रा मोहान्तो द्वारा संगीतबद्ध की गई तेवरीकार ऋषभदेव शर्मा की 8 तेवरियों को विद्यालय के गायक कलाकारों ने प्रस्तुत किया।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

	
कार्यक्रम का संचालन करती हुई हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी और कवि ऋषभदेव शर्मा	**कार्यक्रम के प्रतिभागी**

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

काव्य लहरी प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा प्रतिभाग

Name of the program	: Kavya Lahari-Poetry Recitation Competition
Date	: 27/02/2021
Place	: DBHPS, Hyderabad
Number of participated	: 03

दि.27.02.2021 दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद द्वारा हिंदी अकादमी, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में "काव्य लहरी" कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की छात्रा – सुश्री जुलियाना, बीबीए प्रथम वर्ष, सुश्री मौनिका, बीए प्रथम वर्ष और सुश्री धियाबाबू, बीए प्रथम वर्ष ने अपनी स्वरचित कविता का वाचन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता द.भा. हिं. प्र. सभा आंध्र एवं तेलंगाना के सचिव एवं संपर्क अधिकारी श्री के सेल्वराजन ने की। वरिष्ठ नवगीतकार एवं पूर्व अपर मंडलायुक्त, वाराणसी श्री ओम धीरज मुख्य अतिथि रहे।

काव्य लहरी के निर्णायक और कविता पाठ करती हुई छात्र मौनिका	**कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र**

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में हिंदी की विकास यात्रा एक दिवसीय व्याख्यान माला में प्रतिभाग

Name of the program	:	Rashtriya Siksha Neeti 2020 ke Alok Mein Hindi Ki Vikas Yatra
Date	:	16/03/2021
Place	:	DBHPS, Hyderabad
Number of participated	:	01

दि. 16 मार्च 2021 को केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में भाषा पत्रिका द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में हिंदी की विकास यात्रा पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पांडेय ने उपस्थित भाषा प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय संवेदना को विद्यार्थियों में विकसित करने में कारगर होगी। यह भारतीय होने की भावना का एहसास कराने के साथ ही विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध साहित्यकार और भारतविद्या के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रो. योगेंद्र नाथ शर्मा अरुण (रुड़की) ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीयों के आत्मविकास का माध्यम होगी। इससे विद्यार्थियों में सद्चरित्र, सदाचार के गुण विकसित हो सकेंगे। निदेशालय के उप निदेशक व भाषा पत्रिका के संपादक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश में छिपी कला, संस्कृति को मंच प्रदान करेगी। व्याख्यानमाला में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

गणमान्य व्यक्तियों के साथ हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी	**गणमान्य व्यक्तियों के साथ हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी**

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

अच्छे स्वास्थ्य आदतें एवं स्वास्थ्य बीमा के लाभ" पर व्याख्यान आयोजित

Name of the program	: Good Health Habit & Benefit of Health Insurance
Date	: 07/04/2021
Place	: Room No. P-01
Number of participated	: 40
Guest	: Murlai Mohan Jadhav

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल हैदराबाद के हिंदी विभाग द्वारा दि. 07 अप्रैल, 2021 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर "अच्छे स्वास्थ्य आदतें एवं स्वास्थ्य बीमा के लाभ" अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री मुरली मोहन जाधव, स्वास्थ्य बीमा सलाहकार, स्टार हेल्थ, हैदराबाद ने कॉलेज के प्राध्यापकों को संबोधित किया। उन्होंने मानव शरीर को स्वस्थ रखने के उपाय बताए और साथ ही स्वास्थ्य बीमा के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए कहा कि उत्तम चिकित्सा सुविधाओं के लिए यह बहुत ही उपयोगी हो सकते हैं। विभिन्न रोगों के कैशलेस इलाज के लिए स्वास्थ्य बीमा का होना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर उपस्थित श्रीमती जयंती रेड्डी, उप प्रधानाचार्य ने अपने विचार व्यक्त किए।

व्याख्यान के आरंभ में श्रीमती हरिणी, फ्रेंच प्राध्यापक ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया और कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने किया।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

अतिथि वक्ता प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए	**कार्यक्रम के प्रतिभागीगण**

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

Name of the program	:	Lecture Series - Webinar
Date	:	03/05/2021 - 09/05/2021
Place	:	Online
Number of Participants	:	53
Guest Speakers	:	Dr Dolly, Dr D Vidyadhar Dr Vijendra Pratap Singh Dr Vineeta Krishna Dr Karan Singh 'Ootwal' Dr P. Rajaratnam Dr Anita Patil

लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज उप्पल हैदराबाद में दिनांक 3 से 9 मई 2021 तक "हिंदी साहित्य का इतिहास पुनः पाठ" विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन संपन्न हुआ। व्याख्यानमाला विषय विशेषज्ञ तेलंगाना, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश से थे। 3 मई को "हिंदी साहित्य का आदिकाल और प्रवृत्तियाँ" विषय पर गुरु नानक कॉलेज चेन्नई के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. डॉली; 4 मई को "निर्गुण तथा सगुण भक्ति काव्य की उपलब्धियां" विषय पर विवेक वर्धिनी स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैदराबाद तेलंगाना के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. डी विद्याधर; 5 मई को डॉ विजेंद्र प्रताप सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट मॉडल डिग्री कॉलेज, उत्तर प्रदेश द्वारा "भक्ति काल और स्त्री रचनाकार" विषय पर; 6 मई को केंद्रीय हिंदी संस्थान हैदराबाद की अतिथि व्याख्याता डॉ. विनीता कृष्णा द्वारा "रीतिकाल के विभिन्न काव्यधाराएँ और रचनाकार" विषय पर; मानू हैदराबाद के एसोसिएट प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. करण सिंह 'ऊटवाल' ने 7 मई को "हिंदी नाटक का विकास: मुख्य रचनाकार" विषय पर; व्याख्यानमाला के उद्घाटनकर्ता, केंद्रीय विश्वविद्यालय तमिलनाडु के एसोसिएट प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ पी राजारत्नम ने 8 मई 2021 को "हिंदी काव्य की राष्ट्रीय चेतना: भारतेंदु युग और द्विवेदी युग" विषय पर; 9 मई को गुरु नानक कॉलेज चेन्नई की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिता पाटील द्वारा हिंदी काव्य के विभिन्न वाद: छायावाद, प्रगतिवाद और प्रयोगवाद" विषय पर व्याख्यान दिए गए।

Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

7 दिनों तक चले इस व्याख्यान श्रृंखला में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के छात्र तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया। व्याख्यानमाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिपुष्टि फॉर्म भरकर कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग अध्यक्ष श्रीमती शीला बालाजी ने किया। व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज की संस्कृत विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री द्वारा प्रार्थना गीत से हुआ। व्याख्यानमाले के सफल आयोजन में कॉलेज की छात्रा कु. आशा, कु. भावेश, कु. भावना तथा कु. प्रशांती का सक्रिय योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए हिंदी प्राध्यापिका शीला बालाजी

व्याख्यान श्रृंखला के विषय विशेषज्ञ